भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः †5476

उत्तर देने की तारीख 25 मार्च, 2026 (बुधवार)

04 चैत्र, 1948 (शक)

प्रश्न

पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विकास परियोजनाएं/योजनाएं

†5476. **डॉ. थोल तिरूमावलवनः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पिछले दस वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए किन्हीं विकास परियोजनाओं/योजनाओं की घोषणा की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्यान्वित की गई ऐसी विकास परियोजनाओं/योजनाओं का राज्य-वार और संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख): पिछले दस वर्षों के दौरान, सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं/स्कीमों की घोषणा की है, जिनका विवरण इस प्रकार है:

i. वर्षा-आधारित क्षेत्रों में, जो देश की कुल कृषि योग्य भूमि का लगभग 55% हिस्सा हैं, फसल की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने तीन वर्षों की अवधि में 5लाख एकड़ भूमि को जैविक खेती के दायरे में लाने के लिए वर्ष 2015-16 में 'परंपरागत कृषि विकास योजना' (पीकेवीवाई)की शुरुआत की है। पीकेवीवाईके तहत, असम ने 9,740 किसानों को शामिल करते हुए 4,400 हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती शुरू की। सिक्किम में, इस स्कीम ने वृहत क्षेत्र प्रमाणन के तहत 63,000 हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती को बढ़ावा दिया। सामूहिक रूप से, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और मेघालय ने इस स्कीम के माध्यम से कुल 4,140 हेक्टेयर भूमि को कवर किया। जहां तक वित्तीय सहायता का संबंध है, असम, सिक्किम और शेष पूर्वोत्तर राज्यों को क्रमशः 3,013 करोड़ रुपये, 1,849 करोड़ रुपये और 2,337 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई।

   सरकार ने "पूर्वोत्तर क्षेत्र में जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन" (एमओवीसीडीएनईआर) नामक एक मूल्य-श्रृंखला आधारित जैविक खेती योजना भी शुरू की है। इस योजना का मुख्य बलमूल्य संवर्धनपर था, ताकि इन क्षेत्रों में उगाए गए जैविक उत्पादों को घरेलू और निर्यात, दोनों तरह के बाज़ार मिल सकें। एमओवीसीडीएनईआर के तहत, वर्ष 2015-16 से 2025-26 की अवधि के दौरान, पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को कुल 1,460.00 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इस

योजना के परिणामस्वरूप जैविक खेती के तहत एक बड़े भू-भाग को शामिल किया गया, साथ ही 427 किसान उत्पादक संगठनों का गठन हुआ और उन्होंने अपने स्वयं के जैविक उत्पाद ब्रांड भी विकसित किए।

ii. पिछले 10 वर्षों के दौरान, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों को अवसंरचना के विकास के माध्यम से लाभ प्राप्त हुए हैं। वर्ष 2018-19 में अरुणाचल प्रदेश में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा चालू किया गया। मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम को पहली बार राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त, पिछले 10 वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों में अवसंरचना विकास के क्षेत्र में निम्नलिखित उपलब्धियां हासिल की गई हैं:

   क. वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 तक 10% सकल बजटीय सहायता तंत्र के अंतर्गत उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिए 6.02 लाख करोड़ रुपए (आरई) के संचयी आवंटन की तुलना में 6.11 लाख करोड़ रुपए का संचयी व्यय किया गया है। निधि के आवंटन और उपयोग का वर्ष-वार सारांश **अनुबंध-I** में दिया गया है।

   ख. पूर्वोत्तर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की लंबाई वर्ष 2014 में 10,905 किमी से बढ़कर 31.03.2025 तक 16,207 किमी हो गई है।

   ग. रेल मंत्रालय ने वर्ष 2014 से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 62,477 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। 01.04.2025 तक, पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्णत: या आंशिक रूप से पड़ने वाली 12 रेल परियोजनाएं (08 नई लाइनें, 04 दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं, जिनकी कुल लंबाई 777 किमी है और लागत 69,342 करोड़ रुपये है।

   घ. हवाई अड्डों की संख्या वर्ष 2014 में 9 से बढ़कर वर्तमान में 17 हो गई है और उड़ान योजना के तहत 90 मार्गों को चालू किया गया है।

   ङ. पूर्वोत्तर क्षेत्र में राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या 1 से बढ़कर 20 हो गई है और पूर्वोत्तर क्षेत्रमें विभिन्न जलमार्ग परियोजनाओं पर 1,040 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

iii. वित्त वर्ष 2022-23 में, अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए, पीएमगति शक्ति की भावना के अनुरूप और पूर्वोत्तर में महसूस की गई जरूरतों के आधार पर सामाजिक विकास परियोजनाओं के लिए पूर्वोत्तर के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) नामक एक नई स्कीम शुरू की गई। इसने विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद कमियों को दूर करते हुए युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका की गतिविधियों को सक्षम बनाया। इस स्कीम का कुल परिव्यय 6600.00 करोड़ रुपये है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में पीएम-डिवाइन स्कीम के तहत उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित विकास परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

iv. वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में यह घोषणा की गई थी कि बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की 100 से अधिक शाखाएं स्थापित की जाएंगी। तदनुसार, डाक विभाग ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में 108 स्थानों की पहचान की है, जिन्हें आईपीपीबीके एक्सेस पॉइंट के रूप में शुरू किया जाएगा, जिनमें अरुणाचल प्रदेश में 50,मणिपुर में 18, मेघालय में 25 और नागालैंड में 15 एक्सेस पॉइंट शामिल हैं। उक्त स्थानों को आईपीपीबी केएक्सेस पॉइंट के रूप में शुरू किया गया है।

*****

अनुबंध-I

निधि के आवंटन और उपयोग का वर्ष-वार सारांश

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**वर्ष**	**संशोधित अनुमान (आरई)**	**वास्तविक व्यय (एई)**	**वास्तविक व्यय %**
1	2014-15	27,359.00	24,819.00	90.70
2	2015-16	29,669.00	28,674.00	96.60
3	2016-17	32,180.00	29,368.00	91.30
4	2017-18	40,972.00	39,753.00	97.00
5	2018-19	47,088.00	46,055.00	97.80
6	2019-20	53,374.00	48,534.00	90.90
7	2020-21	51,271.00	48,564.00	94.70
8	2021-22	68,440.00	70,874.00	103.60
9	2022-23	72,540.00	82,691.00	113.90
10	2023-24	91,802.00	1,02,749.00	111.90
11	2024-25	87,736.00	89,734.40	102.30
वित्त वर्ष 2024-25 तक कुल		**6,02,431.00**	**6,11,815.40**	**101.50**

अनुबंध-II

20.03.2026 तक पीएम-डिवाइन स्कीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क.सं.	राज्य / सरकारी एजेंसी	परियोजना का नाम	एएफएस की तारीख	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)
1	अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना	13.06.2024	217.19
2	अरुणाचल प्रदेश	तवांग, अरुणाचल प्रदेश में एकीकृत अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	10.06.2025	146.83
3	अरुणाचल प्रदेश	आरडीएसएसके तहत सीमावर्ती और छूटे हुए गांवों का ऑफ-ग्रिड विद्युतीकरण	14.01.2026	69.52
4	असम	असम के कामरूप जिले में 20 स्कूलों को 'उत्कृष्टता केंद्र' के रूप में बदलना	27.03.2023	132.86
5	असम	गुवाहाटी, असम में 'मां कामाख्या एक्सेस कॉरिडोर' का विकास	04.01.2024	498.37
6	असम	असम के शिवसागर जिले में मेडिकल कॉलेज (100 सीटों वाला) का निर्माण	04.01.2024	499.82
7	असम	एलजीबीइंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने वाली मौजूदा 2-लेन सड़क का 4-लेन सड़क के रूप में उन्नयन/चौड़ीकरण - वीआईपीजंक्शन से धरमपुर जंक्शन तक; जिसमें शामिल हैं: (i) धरमपुर में 4-लेन ग्रेड-सेपरेटेड जंक्शन, (ii) एसओएसजंक्शन से मौजूदा टर्मिनल भवन तक 2-लेन एक्सेस रोड, और (iii) मौजूदा टर्मिनल भवन से 2-लेन का अस्थायी निकास (पीडब्ल्यूडी)	24.01.2024	271.45
8	मणिपुर	इंफाल पश्चिम जिले में मणिपुर तकनीकी विश्वविद्यालय (एमटीयू) के लिए अवसंरचना का विकास	23.01.2024	54.16
9	मणिपुर	इंफाल के मंत्रीपुखरी में मणिपुर आईटी एसईजेडके प्रोसेसिंग ज़ोन की अवसंरचना का विकास	08.02.2024	120
10	मणिपुर	मणिपुर में 60 बिस्तरों वाले राज्य मानसिक अस्पताल का निर्माण और उसे उपकरणों से सुसज्जित करना	10.02.2024	70.47

क.सं.	राज्य / सरकारी एजेंसी	परियोजना का नाम	एएफएस की तारीख	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)
11	मणिपुर	धनामंजुरी विश्वविद्यालय (डीएमयू) के लिए अवसंरचना का विकास	13.06.2024	70
12	मणिपुर	इंफाल पूर्व के वाखा में मणिपुर संस्कृति विश्वविद्यालय के लिए अवसंरचना का विकास	24.09.2024	31.19
13	मणिपुर	मणिपुर के दूरदराज और पहाड़ी जिलों में सुपरस्पेशियलिटी और सुनिश्चित स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना (अवसंरचना और उपकरण)	20.11.2024	104.66
14	मणिपुर	इंफाल में 'मणिपुर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर' का निर्माण, चरण-I	08.12.2025	110.52
15	मेघालय	तुरा, पश्चिम गारो हिल्स जिले में आईटीपार्क का निर्माण	10.02.2024	126.94
16	मेघालय	न्यू शिलांग टाउनशिप में चार-लेन की नई सड़क का निर्माण, और मौजूदा दो-लेन वाली सड़क को साइकिल ट्रैक, यूटिलिटी डक्ट, फुटपाथ आदि के साथ चार-लेन वाली सड़क में बदलना	01.02.2024	146.79
17	मेघालय	मेघालय के सोहरा स्थित मावडोक में स्काईवॉकऔर पर्यटन केंद्रका विकास	29.10.2024	50.9
18	मेघालय	शिलांग पीक रोपवे परियोजना,शिलांग, मेघालय में यात्री रोपवे हेतु अंतराल वित्तपोषण	09.01.2025	70.11
19	मेघालय	मेघालय के उमासावली स्थित न्यू शिलांग टाउनशिप में 'यूनिटी मॉल' के निर्माण हेतु अंतराल वित्तपोषण	10.06.2025	72.93
20	मेघालय	मेघालय के पूर्वी खासी जिले में मावखान में 2 x 50 एमवीए, 132/33केवीसबस्टेशन का निर्माण; साथ ही, मेघालय के सैसिज में 132केवीडी/सीसैसिज-मावखान लाइन और जीआईएसबे का निर्माण।	25.08.2025	72.48
21	मेघालय	सोहरा पर्यटन सर्किट का विकास	10/31/2025	233.75
22	मिजोरम	पश्चिमी तरफ आइज़ोल बाई-पास सड़क	10.02.2024	500

क.सं.	राज्य / सरकारी एजेंसी	परियोजना का नाम	एएफएस की तारीख	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)
		का निर्माण		
23	मिजोरम	मिज़ोरम के विभिन्न ज़िलों में अलग-अलग जगहों पर बांस लिंक सड़कों के निर्माण के लिए पायलट परियोजना - (i) तुइरियल एयरफ़ील्ड से नॉर्थ चालतलांग (18 किमी), लागत 33.58 करोड़ रुपये; और (ii) लेंगपुई से सैफ़ाल बांस प्लांटेशन (41 किमी), लागत 66.42 करोड़ रुपये	06.02.2023	95.24
24	नगालैंड	पूर्वी नागालैंड के विशेष विकास से संबंधित आजीविका परियोजनाएं (22)	23.03.2023	180
25	नगालैंड	नागालैंड के सित्रोंगसे-दिमापुर में संबंधित लाइनों के साथ 220/132 केवी (2x100 एमवीए) और 132/33 केवी (2x50 एमवीए) सब-स्टेशन का निर्माण	16.02.2024	132.37
26	नगालैंड	पॉलिटेक्निक संस्थानों में शैक्षिक अवसंरचना/सुविधाओं का विकास	13.06.2024	30
27	नगालैंड	सीआईएचएसआरमें रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेंटर का उन्नयन	13.06.2024	34.5
28	नगालैंड	पेरेनमें 50 बिस्तरों वाला अस्पताल	29.04.2025	44.65
29	नगालैंड	चुमौकेदिमामें मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल	09.06.2025	58.72
30	नगालैंड	कोहिमाजिले के आईजीस्टेडियम परिसर में कोहिमामल्टी-डिसिप्लिनरी स्पोर्ट्स सेंटर का निर्माण	27.10.2025	72.59
31	सिक्किम	पश्चिम सिक्किम में पेलिंग से सांगा-चोलिंग तक पैसेंजर रोपवे सिस्टम के लिए अंतराल वित्तपोषण - 108.39 करोड़ रुपये की कुल लागत में से 63.39 करोड़ रुपये (58 प्रतिशत)	30.01.2023	63.39
32	सिक्किम	दक्षिण सिक्किम में ढप्पर से भालेदूंगातक पर्यावरण-अनुकूल पैसेंजर रोपवे (केबल कार) के लिए अंतराल वित्तपोषण - 209.57 करोड़ रुपये की कुल लागत में से 57.82 करोड़ रुपये (28 प्रतिशत)	30.01.2023	57.82

क.सं.	राज्य / सरकारी एजेंसी	परियोजना का नाम	एएफएस की तारीख	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)
33	सिक्किम	दक्षिण सिक्किम के भालेधुंगा, यांगंग में स्काईवॉक परियोजना	16.02.2024	220
34	सिक्किम	सिंगशोर पुल को ग्लास स्काईवॉक पुल में बदलना	16.02.2024	52
35	सिक्किम	पूर्वी सिक्किम के सिचे में सालाना 100 छात्रों को दाखिला देने वाले सरकारी मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए अंतराल वित्तपोषण	25.11.2024	167.9
36	त्रिपुरा	विद्युत विभाग द्वारा त्रिपुरा के दूरदराज के इलाकों में भरोसेमंद बिजली की आपूर्ति के लिए सोलर माइक्रो ग्रिड की स्थापना	22.11.2023	80.79
37	त्रिपुरा	त्रिपुरा के एजीएमजीऔर जीबीपीअस्पताल में 200 बिस्तरों वाले एमसीएच (मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य) विंग की स्थापना	23.01.2024	192.1
38	त्रिपुरा	त्रिपुरा में नशा करने वालों के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्र की स्थापना	23.01.2024	86.12
39	त्रिपुरा	त्रिपुरा सरकार द्वारा अगरतला में डेंटल कॉलेज की स्थापना	24.01.2024	202
40	नेक्टर	नेक्टरआजीविका सुधार परियोजना (बहु-राज्यीय) - केले के तनेका उपयोग करके मूल्य-वर्धित उत्पाद बनाना	14.02.2023	67
41	नेक्टर	पूर्वोत्तर भारत में वैज्ञानिक जैविक कृषि को बढ़ावा देना (बहु-राज्यीय)	17.02.2023	44.99
42	बीसीसीआई	बच्चों और वयस्कों में होने वाले हीमेटोलिम्फॉइड कैंसर के प्रबंधन के लिए पूर्वोत्तर भारत के गुवाहाटी में विशेष सेवाओं की स्थापना	31.05.2023	129
43	एमट्रॉन	गुवाहाटी के टेक सिटी में अन्य सरकारी एजेंसियों के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी) में डिजिटल डिज़ाइन और 3डीप्रिंटिंग के उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना	10.02.2024	54.9

क.सं.	राज्य / सरकारी एजेंसी	परियोजना का नाम	एएफएस की तारीख	स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)
44	बीसीसीआई	असम के गुवाहाटी स्थित डॉ. बी. बरुआ कैंसर संस्थान (बीसीसीआई)में कौशल विकास केंद्र की स्थापना	13.06.2024	35.12
45	एनईएचएचडीसी	मणिपुर की दुनिया की सबसे अनोखी मृदभांड कला शैली 'लोंगपी ब्लैक पॉटरी' को बढ़ावा देने के लिए एक कलाकार गांवकी स्थापना - लागत: 32.32 करोड़ रुपये	24.06.2024	35.74
46	आईआईसीए	शिलांग में 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स' (आईआईसीए) के एक क्षेत्रीय परिसर की स्थापना	05.03.2025	100.95
47	एनईसीबीडीसी	पूर्वोत्तर राज्यों में क्लस्टर को मजबूत करके और निर्यात को आसान बनाकर बांस से बने उत्पादों को बढ़ावा देना	12.08.2025	70.98
48	नेरामैक	त्रिपुरा के कदमतला और असम के गोलाघाट में अगरवुड क्लस्टर विकास परियोजना	12.01.2026	64.55
		कुल		**6044.36**

संक्षेपाक्षर:

एमट्रॉन: असम इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड
बीसीसीआई: डॉ. भुवनेश्वर बरूआ कैंसर संस्थान
नेक्टर: उत्तर पूर्व प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग एवं पहुंच केंद्र
एनईएचएचडीसी: पूर्वोत्तर हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड
आईआईसीए: इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स
एनईसीबीडीसी: पूर्वोत्तर बेंत एवं बांस विकास परिषद
नेरामैक: पूर्वोत्तर क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड

*****